# धन धन अंजनी का लाला | By Rajendra Jain |

धन धन अंजनी का लाला
बजरंगबली मतवाला
राम काज सवारे तूने
भक्तों का प्रतिपाला रे

सालासर है धाम तिहरो
राजस्थान के माही रे
ऐसी सुंदर दिव्य मूर्ति
और कहीं पे नाही रे
तेज बरसता मुखमंडल से
मंदिर बड़ा निराला रे
धन धन अंजनी का लाला
बजरंगबली मतवाला

झांझ नगाड़े बजे द्वारे पे
मंगल गाए शहनाई
सावमणी का चढ़े चूरमा
भोग लगे है सुखदाई
सांचा है दातार जगत में
प्रभु सालासर वाला रे
धन धन अंजनी का लाला
बजरंगबली मतवाला

तू जाग्रत है इस कलयुग में
मैंने सुना है हे स्वामी
अंतरमन की किसे सुनाऊँ
बोलो हे अंतर्यामी
तू ही संकट मोचन स्वामी
है मेरा रखवाला रे
धन धन अंजनी का लाला
बजरंगबली मतवाला

धन धन अंजनी का लाला
बजरंगबली मतवाला
राम काज सवारे तूने
भक्तों का प्रतिपाला रे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a7%e0%a4%a8-%e0%a4%a7%e0%a4%a8-%e0%a4%85%e0%a4%82%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-rajendra-jain/